## विश्व फोटोग्राफी दिवस की गोठ का आयोजन 18 को

कामयाब कलम रिपोर्टर।

नागौर। विश्व फोटोग्राफी दिवस है इस उपलक्ष में नागौर फोटोग्राफर सामूहिक पिकनिक गोठ का आयोजन करते है। फोटोग्राफर्स वेलफेयर सोसायटी ने इस बार 19 अगस्त को रक्षा बंधन की वजह से गोठ का आयोजन 18 अगस्त 2024 रविवार को रखा हैए सोसायटी के पदाधिकारियों ने आज इस सामूहिक गोठ के पोस्टर का विमोचन नागौर की पूर्व सांसद डॉ.ज्योति मिर्धा के द्वारा करवाकर मिर्धा को इस कार्यक्रम में आने का न्योता भी दिया। विमोचन कार्यक्रम पूर्व सांसद मिर्धा के साथ में पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सेन मुंडवा के पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष घनश्याम सदावत के साथ सोसायटी के संरक्षक शांतिलाल गोयल अध्यक्ष किशन सेन पूर्व अध्यक्ष अशोक कांगसिया जेठमल सेन निर्मल विजय गोयल कुलदीप राव आदि फोटोग्राफर उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय शिव संकल्प

## स्पेशलिटी मेडिकल कैम्प में 139 रोगी हुए लाभान्वित

कामयाब कलम रिपोर्टर।

चूरू। राजस्थान पैंशनर समाज जिला शाखा चूरू और जयपुर के शैल्बी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्त्वावधान में पेंशनर कल्याण केन्द्र में रविवार को मल्टी स्पेशलिटी मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें जयपुर के शैल्बी हॉस्पिटल के वरिष्ठ जोड़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. चिन्मय शर्मा, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशुल पाटोदिया, वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश जांगिड़ और फिजियोथेरैपिस्ट डॉ.ओमवीरसिंह चारण ने रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श ई.सी.जी., बी.पी. और शुगर की जांच की। पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष बिरजूसिंह राठौड़ और शैल्बी हॉस्पिटल के प्रबन्धक राघवेन्द्र ओझा ने बताया कि कैम्प में 139 रोगी लाभान्वित हुए। अतिरिक्त कोषाधिकारी रामस्वरूप शर्मा, पेंशनर समाज के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तंवर, उपाध्यक्ष हरिसिंह, सचिव पूनमल सोनी, संयुक्त सचिव शेरसिंह चौहान, कोषाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, लक्ष्मणसिंह बीका, जगमालसिंह टकणेत, निसार अहमद खान, विनोदकुमार जांगिड़, महावीरप्रसाद लखेरा, रामावतार बारी, विजयकुमार वर्मा,



## उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा आज रींगस में

कामयाब कलम रिपोर्टर।

सीकर। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा 12 अगस्त सोमवार को जिले के रींगस दौरे पर रहेंगे। विशिष्ट सहायक भगवत सिंह राठौड़ ने बताया कि उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा 12 अगस्त को प्रातः 9.45 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे आजाद चौक रींगस पहुंचेंगे तथा वेदान्ता फाउण्डेशन मुम्बई द्वारा नव निर्मित बालिका छात्रावास भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे। उप मुख्यमंत्री बैरवा दोपहर 12.30 बजे कतवारी बुनकर सहकारी समिति लिमिटेड सिटी बस स्टेण्ड रींगस में बुनकर समाज



कामयाब कलम रिपोर्टर।

सीकर। समाज सेवी एवं श्याम भक्त विजय कुमार तोदी की चतुर्थ पुण्य तिथि पर शनिवार की रात्रि मे महामंदिर रोड स्थित तोदी निवास पर बाबा श्याम का गुणगानए संकीर्तन एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रीमती सरोज तोदीएसुनील तोदीएअनिल तोदी ने सभी आगन्तुक शहर के प्रबुद्धजनो व स्नेही स्वजनो का अभिवादन कर स्वागत किया। श्री सुशील तोदी व महेश तोदी ने श्याम भक्त स्वर्गीय श्री सत्यनारायण जी गट्टाणी के सुपुत्र श्री श्याम मंदिर सत्संग समिति के मंत्री श्याम सुन्दर गट्टाणीए कोषाध्यक्ष बृज मोहन मित्तलएभाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदीए महेश शर्माए श्याम भक्त पीयूष गट्टाणीएसमाज सेवी जगदीश प्रसाद चौकड़ीकाए राजेन्द्र खण्डेलवालए सुरेश कुमार अग्रवालए महावीर प्रसाद शर्माएराधेश्याम पारीकए भजन गायक अमित खण्डेलवालए अनिल

## प्रधानमंत्री ने किया केशुबास बीकानेर की दो किस्मों का विमोचन

### तरबूज की थार तृप्ति व खरबूजा की थार महिमा उन्नत किस्मों में योगदान

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। भारत सरकार के 100 दिन के कृषि के समग्र विकास लक्ष्य के अनुरूप भाकृअनुप एवं कृषि विश्वविधालयों की 109 पर्यावरण अनुकूलित किस्मों का विमोचन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा नई दिल्ली मे पूसा संस्थान के प्रांगण से 11 अगस्त 2024 को किया गया। इन किस्मों मे केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान केशुबास बीकानेर द्वारा विकसित तरबूज की थार तृप्ति व खरबूजा की थार महिमा उन्नत किस्मों को भी शामिल किया गया और राष्ट्र को समर्पित की गई। इस गौरव अवसर पर संस्थान मे कृषकों के एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन मे मुख्य अतिथि भारतीय किसान मोर्चा, बीकानेर जिले के अध्यक्ष भंवरलाल जांगिड़ द्वारा संस्थान के कृषि वैज्ञानिकों को उनके उल्लेखनीय कार्य हेतु बधाई दी। उन्होंने सम्मेलन



को संबोधित करते हुए कहा कि किसान संस्थान की विकसित किस्मों एव तकनिकियों का लाभ उठाएं। समेलन को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ.जगदीश राणे ने केशुबास के अनुसंधान एव विकास की परियोजना के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इन किस्मों के प्रजनक प्रधान वैज्ञानिक डॉ बी आर चौधरी ने विकसित



किस्मों की गुणवत्ताओ एव उपयुक्त क्षेत्रों के विषय मे विस्तार से जानकारी दी। सम्मेलन में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ.डीके समाधिया, डॉ.धुरेन्द्र सिंह, डीके सरोलिया, डॉ.एमकेजाटव, डॉ.एसआर मीना एवं डॉ. रूपचन्द ने शुष्क बागवानी के लिए विचार रखे। सम्मेलन में संस्थान के वैज्ञानिकों एव लगभग 70 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।